भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 949
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 29 जुलाई, 2024
07 श्रावण 1946 (शक)

संकगिरी किले का विकास

949. श्री मोथेश्वरन वी.एस. :

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार ने संकगिरी किले को विकसित करने की कोई योजना बनाई है, जो कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा अनुरक्षित एक ऐतिहासिक किला है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का इस किले में अंग्रेजों द्वारा फांसी पर लटकाए गए स्वतंत्रता सेनानी धीरन चिन्नामलाई के योगदान को दर्शाने के लिए एक संग्रहालय बनाने का प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार की उक्त किले में धीरन चिन्नामलाई की प्रतिमा स्थापित करने की कोई योजना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): चिन्नकौंदनूर, जिला सलेम, तमिलनाडु स्थित पहाड़ी पर किला और मंदिर जिसका स्थानीय नाम संकगिरी किला है, का संरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है। इसका संरक्षण और परिरक्षण कार्य आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है। यह किला भली-भांति परिरक्षित है।

(ख) से (घ): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

,   *****